# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–13 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में अपने विचार रखे। श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है।

**पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ हर वंचित को हर दलित को हर गरीब को हर महिला को हर अन्नदाता किसान को पहुंचाने का काम यह भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने किया है। भारतीय जनता पार्टी इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि हमें हर हिंदू की रक्षा करनी है और इसी के लिए सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट भी बनाया की किन्हीं कर्म से पाकिस्तान में बांग्लादेश में अफगानिस्तान में कोई सिंधु कोई सिख कोई हिंदू कोई जानी कोई बौद्ध अगर वहां से भारत में आया है तो उसको भारत की नागरिकता मिल जाए**

वहीं, आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आज प्रदेश भर के विभिन्न पार्कों और स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चला जा रहा है। जहां, स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ आम जन महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कर रहे हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज खालसा पंथ के स्थापना दिवस और बैसाखी के अवसर पर लखनऊ स्थित याहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री योगी ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना कर देश और धर्म की रक्षा का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि सिख गुरूओं का बलिदान देश और धर्म के लिए था।

**गुरु तेग बहादुर जी महाराज का हो गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का हो गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार–चार साहिब जादोका हो सिख गुरुओं का हो यह देश और धर्म की रक्षा करने के लिए सीख योद्धाओं काबलिदान यह उनके लिए अपने परिवार के लिए नहीं था उनके स्वयं के लिए नहीं था इस देश और धर्म के लिए था और देश और धर्म के लिए वह कोई भी योगदान वह व्यर्थ में नहीं जाना चाहिए पूरे समाज को जोड़ने का माध्यम बनना चाहिए पूरे समाज को जोड़कर के आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।**

मुख्यमंत्री ने खालसा पंथ के 325 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि सिख समुदाय ने हर विपरीत परिस्थिति में अपने शौर्य और पराक्रम से देश–धर्म की रक्षा की।

**********

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2025 के लिए युवाओं से आवेदन पत्र मांगे गये हैं। उत्तर प्रदेश कारपोरेट कार्य मंत्रालय रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज लता सिसोदिया ने बताया है कि देश के युवाओं के कौशल विकास और कार्य अनुभव के लिए भारत सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने बजट वर्ष 2024–25 में घोषित "प्रधानमंत्री इंटर्न शिप योजना" देश भर में लागू की है। उन्होंने बताया कि अब तक उत्तर प्रदेश से 20 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। आवेदन प्रक्रिया तथा अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**********

कुशीनगर जिले में पोस्ट आफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारम्भ आगामी 26 अप्रैल को होगा। इस केन्द्र का उद्घाटन केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह करेंगे। पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री और राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर इस बात की जानकारी साझा करते हुए कहा है कि गोरखपुर के बाद मंडप में ये दूसरा पासपोर्ट केन्द्र होगा।

वहीं, कुशीनगर जिले के पडरौना नगर पालिका क्षेत्र में धार्मिक व वैवाहिक आयोजनों के लिए कल्याण मंडप बनाया जायेगा। इसके लिए शासन ने 5 करोड़ 38 लाख रुपये की मंजूरी दी है।

**********

जौनपुर में मिशन शक्ति फेज–5 के विशेष अभियान के अन्तर्गत आज महिला सशक्तिकरण के लिए थाना लाइनबाजार एवं थाना पवारा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एंटी रोमियो टीम और महिला आरक्षियों ने भ्रमण चौपाल लगाकर महिलाओं को वूमेन पावर लाइन–1090, और यूपी–112 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बार में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

**********

शाहगंज रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम तक विशेष ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है। यह ट्रेन 10 जुलाई तक प्रतिदिन संचालित की जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे कुलदीप तिवारी ने बताया है कि ट्रेन संख्या 04219 शाहगंज से अयोध्या धाम के लिए कल से प्रारंभ हो चुकी है। यह ट्रेन शाहगंज स्टेशन से रात 10 बजकर 35 मिनट पर प्रस्थान करेगी।

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों आज गरज चमक के साथ हुई बारिश से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने आज सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोरखपुर, संतकबीनगर, बस्ती, बहराइच, गोंडा और महाराजगंज समेत आसपास के जनपदों में तेज हवाओं के साथ बारिश और मेघगर्जन की संभावना व्यक्त की है।

**********

बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मण्डी कस्बे में आज शॉट सर्किट से लगी आग की चपेट में आकर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। जबकि, गंभीर रूप से झुलसे एक व्यक्ति का इलाज चल रहा है।

**********